# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 8
दिनांक : 6.1.22

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1707 दिनांक 21.12.2021 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1723 दिनांक 30.12.2021 द्वारा समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित संस्थान / महाविद्यालय) से यह अपेक्षा की गयी थी कि समस्त पराम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक विश्वविवद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दें।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आज दिनांक 06.01.2022 तक अल्प कॉलेजों के ही अंक अपलोड किये गये हैं जो संतोषजनक नहीं है।

इस सम्बन्ध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि शेष महाविद्यालय / संस्थान तत्काल दिनांक 10.01.2022 तक आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड करना तथा परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग (कमरा नं0–308) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

06-01-2022
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–
1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रतिकुलपति को मा0 प्रतिकुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेब साईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी / सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)